CPNM-01

June - Examination 2026
Certificate in Mahatma Gandhi
NAREGA Mate Examination
MAHATMA GANDHI NAREGA ACT
महात्मा गाँधी नरेगा अधिनियम
Paper : CPNM-01

[*Time: **3** Hours*] [*Maximum Marks: **100***]

निर्देश :– यह प्रश्न–पत्र 'अ', 'ब' और 'स' तीन खण्डों में विभाजित है। प्रत्येक खण्ड के निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

खण्ड–'अ' **10×2=20**

(अति लघु उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश :– **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने उत्तर को प्रश्नानुसार एक शब्द, एक वाक्य या अधिकतम **30** शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न **2** अंक का है।

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए –

(i) ''हिन्द स्वराज'' पुस्तक के लेखक कौन है?

(ii) गाँधीजी का जन्म किस प्रान्त में हुआ था?

(iii) नरेगा कार्य के लिए आवेदन करने के उपरान्त रोजगार न मिलने पर कितने दिन बाद बेरोजगारी भत्ता मिलेगा?

(iv) जॉब कार्ड क्या होता है?

(v) नरेगा कार्यों का सामाजिक अंकेक्षण कौन करता है?

(vi) नरेगा कार्य स्थल सुविधाएं बताइए।

(vii) नरेगा परिषद के कोई दो कार्य बताइए।

(viii) 73वें संविधान संशोधन की दो विशेषताएँ बताइए।

(ix) नरेगा अधिनियम पहली बार कब लागू हुआ?

(x) काम माँगने पर कितने दिनों में काम देना जरूरी है?

खण्ड–'ब' 4×10=40

(लघु उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश :– **किन्हीं चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने प्रत्येक उत्तर को अधिकतम **200** शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न **10** अंक का है।

2. नरेगा में मेट के महत्व पर एक लेख लिखिए।

3. गाँधी के रचनात्मक कार्यों की व्याख्या कीजिए।

4. भारत की किसी एक रोजगार योजना के बारे में बताइए।

5. नरेगा में जिला स्तरीय प्रशासनिक व्यवस्था की विवेचना कीजिए।

6. राजस्थान में पंचायत राज व्यवस्था की व्याख्या कीजिए।

7. नरेगा राज्य कार्यक्रम समन्वयक के कार्यों की समीक्षा कीजिए।

8. गाँधी चिन्तन के योगदान पर एक लेख लिखिए।

9. स्वच्छता पर गाँधी के विचारों की विवेचना कीजिए।

खण्ड–'स' 2×20=40

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश :– **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने प्रत्येक उत्तर को अधिकतम **500** शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न **20** अंक का है।

10. नरेगा की उपलब्धियों पर एक लेख लिखिए।

11. नरेगा कार्यों के सन्दर्भ में सरपंच की भूमिका की व्याख्या कीजिए।

12. नरेगा के अन्तर्गत करवाये जाने वाले कार्यों की विवेचना कीजिए।

13. नरेगा–सामाजिक अंकेक्षण पर एक लेख लिखिए।
